## महत्वपूर्ण एवं खास

### 17 साल से फरार स्थायी वारंटी को भूपदेवपुर पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार पकड़ा

**वारंटी को कोर्ट में पेश कर भेजा गया जेल**

**रायगढ़।** निकट विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फरार आरोपियों/वारंटियों की धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक राजेश जांगडे द्वारा लंबित वारंट की समीक्षा कर फरार वारंटियों की पतासाजी के लिए अपने स्तर पर दीगर राज्यों में मुखबीर लगाकर पतासाजी कराया जा रहा है जिसमें फरार वारंटी विजय सुखदेव के डिंडोली जिला बुलढाणा (महाराष्ट्र) में रहकर ड्राइवरी का काम करने की जानकारी मिली। तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से दिगर राज्य जाने की अनुमति प्राप्त कर टीआई भूपदेवपुर द्वारा थाने के प्रधान आरक्षक शंभू पांडे एवं आरक्षक मुरली मनोहर पटेल को महाराष्ट्र रवाना किया गया जिनके द्वारा वारंटी विजय सुखदेव पिता सुखदेव खंडागडे निवासी डिंडोली जिला बुलढाणा महाराष्ट्र की पतासाजी कर वारंटी को हिरासत में लिया गया। वारंटी विजय सुखदेव के विरुद्ध वर्ष 2007 सड़क दुर्घटना के मामले में वर्ष 2013 में JMFC खरसिया न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। वारंटी लंबे समय से अपना स्थान बदलकर लुक छिप कर रह रहा था जिसे कोर्ट पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

### करवा चौथ के दिन नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले में करवा चौथ के दिन एक 23 वर्षीय नवविवाहिता ने प्यार में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है कि मैं अपनी मर्जी से फांसी लगा रही हूं। मेरे पति को परेशान मत कीजिएगा। दरअसल, यह पूरा मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ापार बस्ती का है, जहां दीपका निवासी अंजली रात्रे नाम की महिला ने डेढ़ साल पहले ही मुड़ापार निवासी मनोज रात्रे से लव मैरिज की थी। दोनों की दो साल की एक बेटी भी है। जानकारी के मुताबिक बुधवार एक नवंबर को दोपहर में सास-ससुर खेत गए थे। पति काम पर गया था और बच्ची खेल रही है। तभी करवा चौथ के दिन ही अंजली फांसी ने सुसाइड नोट लिख फांसी के फंदे पर लटक गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब परिजन घर लौटे, तब अंजली फांसी पर झूलती मिली। वो यह दृश्य देखकर हैरान रह गए। अंजली की मौत के बाद से पूरे परिवार में मातम का माहौल पसर गया है। सुसाइड नोट जरूर मिला है, लेकिन मौत की वजह स्पष्ट नहीं है। हरदीबाजार थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवाया गया। फिलहाल पुलिस मामले में बयानों के आधार पर आगे की तफ्तीश में जुट गई है।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** बायपास रोड अटारी के पास ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची कबीरनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पी. गिरिश नायडु 55 वर्ष हर्षित विहार कबीरनगर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बुलेट क्रमांक सीजी 04 एनटी 8494 से जा रहा था, तभी बायपास रोड अटारी के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीजे 9590 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेट को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार पी.गिरिश नायडु की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# आचार संहिता लागू होने के बाद मतदाताओं को लुभाने लिए बांटे जाने वाले सामानों पर रखी जा रही है कड़ी नजर

**❒ राज्य कर विभाग ने सीमावर्ती क्षेत्रों में जांच के लिए तैनात की 24 टीमें**

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य जीएसटी विभाग में सर्तकता और कार्यवाही बढ़ा दी है। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने लिए बांटे जाने वाले सामानों के परिवहन पर विभाग की पैनी नजर है। विभाग ने अधिकारियों की 24 टीमों को अन्य राज्यों की सीमाओं से सटे रास्तों पर 24 घंटे वाहनों की जांच के लिए नियुक्त किया गया है और पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से वाहनों की जांच की जा रही है। राज्य कर आयुक्त द्वारा अपने अधिकारियों को पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों से समन्वय करने और संयुक्त जांच करने की हिदायत भी दी गई हैं।



राज्य के भीतर भी 15 टीमों के द्वारा ई-वे बिल की जांच लगातार की जा रही है। राज्य कर विभाग द्वारा 01 जुलाई 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक कुल 10.10 करोड़ का माल जब्त किया। जा चुका है। विभाग की नजर रेल्वे और बसों से भेजे जाने वाले सामानों पर भी हैं। रेल्वे से परिवहित माल पर भी गलती पाये जाने पर इस दौरान 40.81 लाख की पेनाल्टी लगाई जा चुकी है। चुनाव में मुफ्त बांटे जाने वाले सामान की धरपकड़ सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके क्षेत्र में पडऩे वाले गोदामों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अब-तक 377 गोदामों की जांच करके स्टॉक में अंतर पाये जाने पर व्यापारियों को 21.05 लाख रुपये जमा कराये गये हैं। विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन का सहयोग निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में किया जा रहा है और निर्वाचन कार्य में लगे एसएसटी और एफएसटी में सभी जिलों में अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति गई है और उनके द्वारा जांच में प्रशासन का सहयोग किया जा रहा है।

## पांच राज्यों में चुनाव एग्जिट पोल आयोजन प्रसारण पर रोक

**सूरजपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सहित 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने एक अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के अनुसार आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन या प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एग्जिट पोल के आयोजन या प्रसारण पर रोक लगाई गई है।

**नहीं होगा एक्जिट पोल का प्रसारण**

भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम निर्वाचन को देखते हुए 7 नवम्बर को सुबह सात बजे से 30 नवम्बर की शाम साढ़े 6 बजे तक की अवधि को एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर प्रतिबंधित अवधि के रूप में अधिसूचित किया है। इस अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने या प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या किसी भी अन्य तरीके से प्रचार-प्रसार पर रोक रहेगी।

**निर्वाचन आयोग ने किया स्पष्ट-** आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन पांच राज्यों में साधारण निर्वाचन और उप निर्वाचन में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# जनशताब्दी एक्सप्रेस में आरोपी से दुर्ग आरपीएफ ने पकड़ा 50 लाख का सोना

**रायपुर (आरएनएस)।** दुर्ग आरपीएफ पोस्ट ने 50 लाख 3 हजार रूपए का सोना जनशताब्दी एक्सप्रेस से जब्त किया है. जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर 12.30 बजे निरीक्षक एसके सिन्हा, उप निरीक्षक सनातन थानापति, सउनि आर.जी. राय, प्रधान आरक्षक एन.के.राजपूत एवं प्रधान आरक्षक ए.एन.सोनवानी रेसुब पोस्ट दुर्ग, निरीक्षक बी.सी.मण्डल एस.आई. बी./रेसुब/दुर्ग के साथ रेलवे स्टेशन दुर्ग में प्लेटफार्म एवं गाडियों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर प्लेटफार्म नं. 02 पर गाडी सं. 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्स. के कोच डी-5 से दो व्यक्तियों 1. हरप्रीत सिंह उर्फ बबलू पिता प्रेम सिंह उम्र 34 वर्ष साकिन 60 सुल्तानविंड़ रोड, पार्क के पास कोट कर्नेल सिंह, थाना सुल्तानविंड़, जिला अमृतसर (पंजाब) 2. सुरिंदर पाल सिंह पिता प्रेम सिंह उम्र 42 वर्ष साकिन 60 सुल्तानविंड़ रोड, पार्क के पास कोट कर्नेल सिंह, थाना सुल्तानविंड़, जिला अमृतसर (पंजाब) के पास रखे लाल रंग की एक ट्रॉली बैग को मौजूद गवाहों के समक्ष चेक करने पर उसमें सोने से बना हआ आभूषण (लगभग 01 किलो सोना से बने हुए अंगूठी, ब्रेसलेट, नाक की फुल्ली, कान की बाली इत्यादि की अनुमानित कीमत लगभग 50,00,000/- (पचास लाख रूपये) एवं इमिटेशन ज्वेलरी जैसे नाक की फुल्ली, कान का टाप्स अनुमानित कीमत 3000/- (तीन हजार रूपये) कुल कीमत 50,03000/-



मिला जिसके संबंध में उनके द्वारा किसी प्रकार का वैध कागजात/बिल पेश नहीं कर सके. लल्लूराम को मिली जानकारी के मुताबिक तब निरीक्षक एस के सिन्हा द्वारा मौजूद गवाहों के समक्ष जप्ती पत्र तैयार कर उक्त संपत्ति को जप्त कर आगे की कानूनी कार्यवाही हेतु भूपेन्द्र कुमार गोटी, सहायक आयुक्त,राज्यकर,जीएसटी जिला नोडल, दुर्ग (छग) को सुपुर्द किया गया।

# मुखबीरी के शक में नक्सलियों ने की तीन ग्रामीणों की हत्या

**कांकेर-रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले नक्सलियों ने अपना आतंक फैलाना फिर से शुरू कर दिया है। देर रात नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी और लाश को गांव में ही फेंक दिया। तीनों ग्रामीण अलग-अलग गांवों के रहने वाले थे।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि तीनों मृतक आपस में रिश्तेदार थे। तीन ग्रामीणों की नक्सलियों द्वारा की गई निर्मम हत्या के बाद से ही दहशत व्याप्त हो गया है। नक्सलियों ने मृतकों पर पुलिस की मुखबीरी का आरोप लगाकर इस वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक चार दिन पहले ग्रामीणों को घर से नक्सली उठाकर ले गये थे। जिसके बाद अब उनकी हत्या कर दी गयी। घटना छोटेबेठिया थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। हत्या कर नक्सलियों ने मुरखोंडी गांव के पास तीनों के शव को फेंक दिया। शव की सूचना पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और फिर शव को ट्रैकर में लादकर छोटे बेठिया थाना पहुंचे। पुलिस के मुताबिक दिनांक 1-2 नवंबर की दरमियानी रात जिला कांकेर थाना छोटबेटिया के महाराष्ट्र सीमा से लगे गाँव मोरखंडी में ग्रामीणों की हत्या की सूचना मिली थी। नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों को महाराष्ट्र 60 गढ़चिरौली विशेष टीम का मुखबिर बताते हुए हत्या की वारदात की सूचना मिली है।

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर रखी जा रही नजर

**❒ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा की जा रही, खाद्य पदार्थों की औचक जांच**

**रायपुर (आरएनएस)।** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो में संचालित खाद्य परिसरों में निर्मित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विभिन्न जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक राज्य स्तरीय उडऩदस्ता दल बनाकर औचक जांच कराई जा रही है। उत्पादन इकाइयों पर नजर रखी जा रही है, जिससे कि आम जन को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके।

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव एवं रायपुर जिले में संयुक्त टीम के द्वारा मसाला, दाल, होटल आदि में औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता जांच हेतु नमूना संकलित किया गया। राजनांदगांव के मेसर्स राजेश कंफेक्शनरी से चॉकलेट के नमूने संकलित करते हुए जप्ती की कार्यवाही गई मेसर्स अमर शहीद एग्रो से गरम मसाले का नमूना लिया गया। रायपुर में मोवा स्थित दाल मिल मेसर्स संतोष दाल मिल से मसूर के दाल का नमूना लिया गया, साथ ही संयुक्त दल द्वारा एक प्रतिष्ठित होटल मेसर्स अशोका बिरयानी से नूडल का नमूना लेकर राज्य खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया जहाँ से रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



# कोतवाली पुलिस ने की रेड कार्यवाही : 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते 6 आरोपी गिरफ्तार, 18 पाव शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**❒ जुआरियों से 4,650 रूपए नगद जब्त**

**रायगढ़।** दिनांक 01.11.2023 के शाम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर अवैध शराब एवं जुआ-सट्टा पर कार्यवाही थाने के विवेचकों की अलग-अलग टीमें बनाकर विभिन्न स्थानों पर दबिश दिया गया। कार्यवाही दौरान पुलिस टीम ने रामगुड़ी पारा और नया शनि मंदिर के सामने रोड़ पर 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते 6 आरोपी (1) राजा आलम पिता अख्तर उम्र 24 साल टिकरापारा इंदिरा नगर थाना कोतवाली (2) राधेश्याम उर्फ राजा अग्रवाल पिता मुरारी लाल अग्रवाल उम्र 45 साल बेलादुला थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ (3) प्रेम शंकर सिदार पिता दिल साय सिदार दर उम्र 24 साल जूटमिल समाधि गली थाना जूटमिल रायगढ़ (4) नागेश बरेठ पिता स्वर्गीय दशरथ बरेठ उम्र 38 साल निवासी चांदनी चौक धोबी पारा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ (5) विक्रम पुरसेठ पिता सलिकराम पुरसेठ उम्र 48 साल निवासी रामगुड़ी पारा थाना कोतवाली रायगढ़ (6) शंकर निषाद पिता चेतराम निषाद उम्र 32 साल निवासी तेलीपारा थाना कोतवाली रायगढ़ को पकड़ा गया जिनसे कुल 4,650 रूपये नकद एवं 52 पत्ती ताश के दो गड्डी जप्त किया गया है। वहीं ढिमरापुर चौक मुख्य मार्ग में शराब रेड कर आरोपी राजेश कुमार साहू पिता शौकीलाल साहू उम्र 43 वर्ष निवासी डुमरपाली थाना भुपदेवपुर रायगढ़ को पकड़ा गया है। आरोपी से 18 पाव देशी प्लेन शराब की जप्ती की गई है। टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्वव में जुआ, शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, विक्रम चौरसिया, अरूणा चौरसिया, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, कोमल तिवारी और घनश्याम ध्रुव शामिल थे।

# राज्य में तीन लाख सदस्यों की नहीं हुई ई-केवायसी

**रायपुर (आरएनएस)।** जिले में राशनकार्ड में दर्ज सदस्यों में 8 लाख 32 हजार की ही ई-केवायसी हो पाई है. ज्यादातर बच्चों और बुजुर्गों की ही ई-केवायसी बाकी है. करीब तीन लाख लोगों ने ई-केवायसी नहीं कराया है.

वन नेशनल वन राशन कार्ड योजना के तहत शत-प्रतिशत लोगों को ई-केवायसी कराना है. उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर आधार सत्यापन किया जा रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्गों का घर में जाकर भी सत्यापन किया गया, लेकिन कई लोगों के अंगूठे के निशान मैच नहीं होने से सत्यापन नहीं हो पाया. जिले में 593 उचित मूल्य की दुकानें हैं. इसमें 3 लाख 16 हजार 792 राशनकार्डधारी हैं. इसमें प्रचलित राशनकार्ड के सदस्य के रूप में दर्ज 11 लाख 8 हजार 750 हितग्राहियों में से 8 लाख 32 हजार 63 लोगों का ही सत्यापन हुआ है. अंतिम तिथि में चार बार तिथि की वृद्धि की गई. जुलाई, अगस्त, सितंबर के बाद 31 दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित की गई है. इस कारण वर्तमान में राशनकार्डधारी सदस्य ई-केवायसी कराने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं. जिले में अभी भी 20 फीसदी लोगों की ई-केवायसी नहीं हो पाई है. सहायक खाद्य अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि ज्यादातर बच्चों का बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं होने व बुजुर्गों का अंगूठा घिस जाने से सत्यापन नहीं हो पा रहा है. तिथि बढ़ जाने से राहत है. राशनकार्डधारियों के पास अभी दो महीने का समय है.



# दिव्यांगों को सक्षम एप से मतदान सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का उपयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से बनाए गए सक्षम एप (SAKSHAM ECI ) से दिव्यांग मतदान संबंधी सेवाओं के लिए सहायता आदि मांग सकते हैं। दिव्यांगों को सक्षम एप का उपयोग करने की अपील सारंगढ़ विधानसभा 17 के रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने की है। यह एप दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा के लिए एक उपकरण है। दिव्यांगजन मतदाता स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन आदि के माध्यम से एप को नेविगेट कर सकता है. दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाने तक एप का उपयोग कर सकते हैं। PwD ऐप का नाम बदलकर अब SAKSHAM ECI कर दिया गया है। PwD मतदाता भारत निर्वाचन आयोग ECI द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस ऐप का उपयोग कर सकते हैं। मतदाताओं द्वारा ऐप के बढ़ते उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, डिज़ाइन, लेआउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को नया रूप दिया गया है। PwD मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाने तक ऐप का उपयोग कर सकते हैं। ऐप को डिजाइन करते समय दिव्यांगजनों की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। PwD उपयोगकर्ता के पास एक सक्रिय मोबाइल नंबर होना चाहिए जिस पर ऐप की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ओटीपी भेजा जाएगा। PwD मतदाताओं के लिए ऐप में विकल्प उपलब्ध हैं -नए मतदाता पंजीकरण के लिए अनुरोध,दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने हेतु अनुरोध, प्रवास के लिए अनुरोध (एक स्थान से दूसरे स्थान पर वोट का स्थानांतरण),सुधार हेतु अनुरोध, हटाने का अनुरोध, चुनावी (आधार) प्रमाणीकरण के लिए अनुरोध, स्तर पर निगरानी, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के बारे में जानें,,व्हील चेयर के लिए अनुरोध, पिक एंड ड्रॉप के लिए अनुरोध, संपर्क करें, सहायता के लिए अनुरोध, मतदाता सूची में अपना नाम खोजें, अपने मतदान केंद्र को जानें,बूथ लोकेटर,अपने उम्मीदवारों को जानें,शिकायतें दर्ज करें।

जिन सभी सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है उन्हें निम्नलिखित चार श्रेणियों में बांटा गया है:- पंजीकरण,,सुविधाएँ,खोज, सूचना एवं शिकायत।

पंजीकरण टैब के तहत, पीडब्ल्यूडी मार्किंग, नए मतदाता पंजीकरण, सुधार के लिए अनुरोध, प्रवासन के लिए अनुरोध, हटाने के लिए अनुरोध, चुनावी (आधार) प्रमाणीकरण के लिए अनुरोध और किए गए अनुरोध की स्थिति ट्रैकिंग से संबंधित विकल्प हैं।सुविधाएं टैब के तहत PwD मतदाता PwD के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में जान सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वह मतदान केंद्र पर व्हील चेयर, पिक एंड ड्रॉप और सहायता के लिए भी अनुरोध कर सकता है।खोज टैब के अंतर्गत, PwD मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं,

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करावेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU